

# जिम्बाब्वे को हरा भारत के कदम सेमीफाइनल की ओर

## अभिषेक के बाद पांड्या की तूफानी फिफ्टी, बैनेट की पारी भी जिम्बाब्वे को जीत नहीं दिला पाई



**चेन्नई 26 फरवरी. भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ टीम इंडिया ने अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को बरकरार रखा है.**

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 256 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया था. जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 184 रन ही बना सकी. ब्रायन बैनेट ने 97 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं ले जा सके. इस मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया था. संजू सैमसन को इस बार प्लेइंग इलेवन में मौका मिला था, जो 24 रन बनाकर आउट हो गए. लगातार फ्लॉप चल रहे अभिषेक शर्मा ने आखिरकार 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेल महफिल लूटी. वहीं हार्दिक पांड्या ने 50 रन और तिलक वर्मा ने भी 44 रनों की तूफानी पारी खेली. जिम्बाब्वे के खिलाफ इस 79 रनों की जीत से जीत से भारत सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा है. मगर उसकी सेमीफाइनल की राह कुछ हद तक आसान जरूर हो गई है. जब जिम्बाब्वे 257 रनों के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने आई तो ब्रायन बैनेट ने जुझारूपन दिखाते हुए 88 रनों की दमदार पारी खेली. बैनेट शुरू से लेकर अंत तक क्रीज पर टिके रहे. ब्रायन बैनेट ने 97 रनों की पारी में 8 चौके और 6 छक्के लगाए. जिम्बाब्वे अब विश्व कप से बाहर हो गया है. गेंदबाजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए, जिन्होंने 3 विकेट लिए. वहीं वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लेने में सफलता पाई.

### 2026 टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर

2026 टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर 254 रन था, जो वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था. मगर अब जिम्बाब्वे के ही खिलाफ टीम इंडिया ने 256 रन बनाकर इतिहास रच दिया है. टी20 विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर श्रीलंका के नाम है, जिसने 2007 के विश्व कप में केन्या के खिलाफ 260 रन बनाए थे. भारत वह विश्व रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ 4 रनों से चूक गया.



# द. अफ्रीका ने विंडीज को हराया

## सुपर-8 मुकाबले में 23 गेंद शेष रहते 9 विकेट से किया पराजित

**अहमदाबाद, 26 फरवरी (वार्ता)** कप्तान एडन मारक्रम (नाबाद 82) और क्विंटन डी कॉक (47) और रायन रिकलटन ( नाबाद 45 ) की विस्फोटक पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपना विजय क्रम जारी रखा. एडन मारक्रम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.

- मारक्रम और डी कॉक ने खेली विस्फोटक पारी
- मारक्रम को चुना गया प्लेयर ऑफ द मैच

एडन मारक्रम और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के लिए विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 95 रन जोड़े.

आठवें ओवर की आखिरी गेंद पर रॉस्टन चेज ने क्विंटन डी कॉक को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया. क्विंटन डी कॉक ने 24 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 47 रन बनाये. मारक्रम और रिकलटन के बीच दूसरे विकेट लिये 82 रनों की अविजित साझेदारी हुई. 17वें ओवर की पहली गेंद पर मारक्रम ने चौका लगाकर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई.

मारक्रम ने 46 गेंदों में सात चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 82 रनों की पारी खेली. रायन रिकलटन ने 28 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 45 रन बनाये.

इससे पहले रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) की विस्फोटक पारियों तथा उनके बीच आठवें विकेट के लिये 89 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आठ विकेट पर 176 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. वेस्टइंडीज एक समय 83 रन पर सात विकेट गंवाकर गहरे संकट में फंसा हुआ था, लेकिन शेफर्ड और होल्डर ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा दिया. नौवें नंबर के बल्लेबाज शेफर्ड ने मात्र 37 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 52 रन बनाये. जबकि आखिरी ओवर में रनआउट हुये होल्डर ने 31 गेंदों पर 49 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाये. दोनों के बीच 89 रन की साझेदारी मात्र 57 गेंदों में बनी.



## सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण पदक

**तिराना (अल्बानिया), 26 फरवरी (वार्ता)** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की. बुधवार को खेले गये मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया. इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी. तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी.




# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता टी20 एशिया कप

## फाइनल मुकाबले में श्रीलंकाई टीम को 6 विकेट से किया पराजित

**कटक (भुवनेश्वर), 26 फरवरी (वार्ता) कटक के बाराबती स्टेडियम में बुधवार को आयोजित एडीसीए टी20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया.**


फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की. यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी. टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया. तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया. रिवर्स मुकाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई.

### साई आकाश बने प्लेयर ऑफ द मैच

फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश ( 14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. श्रीलंका के गिमाडु एल. मल्कम ( 196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया. श्रीलंका के गिहान लसीदु डी सिल्वा ( 10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया. श्रीलंका के ही गिमाडु एल. मल्कम ( 196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला.

जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा, पहले एडीसीए टी20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है. यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

### एक नजर में



#### अर्जुन तेंदुलकर ने 29 गेंदों पर 55 रन ठोके

**नवी मुंबई.** अर्जुन तेंदुलकर ने गुरुवार को 20वें डीवाई पाटिल टी20 कप में इंडियन नेवी के खिलाफ डीवाई पाटिल ब्लू को पांच विकेट से जीत दिलाने के लिए शानदार हाफ-सेंचुरी लगाई. उन्होंने 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए और एक विकेट भी लिया. उनके शानदार ऑल-राउंड परफॉर्मेंस के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया.' इंडियन नेवी ने 20 ओवर में चार विकेट पर 219 रन बनाये. ओपनर कुंवर पाठक ने 87 रन का योगदान दिया. डीवाई पाटिल ब्लू ने 191 ओवर में पांच विकेट पर 225 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया. युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 67 रन ठोके जबकि अर्जुन तेंदुलकर ने 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए.

#### कलबुर्गी होस्ट करेगा महिला टेनिस टूर्नामेंट

**बेंगलुरु.** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है. यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है. इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा. मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे. आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिंग पॉइंट्स देता है और डब्ल्यूटीए टूर समेत हायर-टियर कॉम्पिटिशन में आगे बढ़ने की चाह रखने वाले खिलाड़ियों के लिए एक जरूरी मौका देता है. इस इवेंट ने 11 देशों के कॉम्पिटिटिव इंटरनेशनल खिलाड़ियों को अपनी ओर खींचा है, जिसमें थाईलैंड की अचिसा चांटा (विश्व रैंकिंग 443) और नीदरलैंड्स की जैस्मिन गिम्ब्रेरे (431) शामिल हैं.

### जर्मन ओपन बैडमिंटन 2026

# किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन



**मुल्हेन, 26 फरवरी (वार्ता) किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिंगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए.**

पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिंगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े. उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-यी से होगा. हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशाजनक रहा, खासकर महिला सिंगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं. वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी. वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ बेइवेन झांग से 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं.

## अगला खेलो इंडिया विंटर गेम्स 15 दिन का होगा : मांडविया

**गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर), 26 फरवरी (वार्ता)** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि यहां होने वाला अगला 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेल' 15 दिनों का होगा.

# मियोमिर केकमानोविच ने ज्वेरेव को चौंकाया





**अकापुल्को (मेक्सिको), 26 फरवरी (वार्ता) मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की.**

इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए. दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया. केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग ग्वालियर (म.प्र.)

Email:- eepwdelecgwl@nic.in

क्रमांक/व.ले.लि./टेण्डर/2025-26 दिनांक.......

### निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 15/एस.ए.सी. / ग्वा./2025-26

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां. संभाग ग्वालियर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई- टेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम | (1) ठेके की अनुमानित लागत राशि रू (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | 1. आमंत्रण क्रं. 2. पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ PWDRB_ 483450_1 | INSTALLATION OF 33 KVA HT LINE / SUB STATION AT DISTRICT HOSPITAL GUNA | 1.615.20 लाख 2.615200/ | 20,000/- (पोर्टल चार्ज | 12 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम केन्द्रीयकृत प्रणाली अन्तर्गत लो.नि.वि. में विद्युत 'अ' रजिस्ट्रेशन श्रेणी विद्युत ठेकेदार |

**कुल कार्य संख्या :- 01 (एक)**
निविदा की अधिकतम राशि 615.20 लाख
ऑनलाइन निविदा जारी करने की प्रारंभ तिथि : 19.02.2026 प्रात : 10:30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 16.03.2026 सायं 17:30
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि : 17.03.2026 सायं 17:30
1- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सिर्फ बेवसाईट पर ही किया जावेगा।
2- आवंटन आने पर ठेकेदार का भुगतान किया जावेगा।
3- मूल धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र राशि ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि/या)
संभाग ग्वालियर (म.प्र

G-26510/25



SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

## एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड

**कार्पोरेट आफिस :** 503 एवं 504, पांचवी मंजिल, जी ब्लाक, इन्सीप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (ई) मुंबई- 400051
**रजि. आफिस :** कमरजोन आईटी पार्क, टॉवर बी, प्रथम तल, नं. 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पुरुर, चेन्नई-600116, चमिलनाडु

### डिमांड नोटिस

#### वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के तहत और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') और सुरक्षा हित का प्रवर्तन (प्रवर्तन) नियम, 2002 ('नियम')

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के तहत एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे आगे एसएमएचएफसी कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13( 12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13( 2) के तहत मांग नोटिस जारी करते हुए, निम्नलिखित उधारकर्ता( ओं) से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस( ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया है. अधोहस्ताक्षरी का उचित रूप से मानना है कि उधारकर्ता( ओं) मांग नोटिस( ओं) की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है. मांग नोटिस( ओं) की विषयवस्तु नीचे उद्धृत की गई है :-

| क्र. | ऋण खाता संख्या एवं नाम उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता संपत्ति धारक जैसा भी मामला हो | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (बंधक संपत्ति) | डिमांड नोटिस तिथि 13/2 के तहत और कुल बकाया |
|---|---|---|---|
| 1. | **लैन : 604339211131571** **1. लोकेंद्र सिंह** **2. रंजीता** **पता :** बनमोर कृष्णा नगर बमौर खुर्द मुरैना 476444 | यह पूरी तरह से आवासीय संपत्ति है जिसमें शामिल है : सर्वेक्षण संख्या 436/1/3/3/1 (पुराना सर्वेक्षण संख्या 436/1/3/मिन-3) के एक भाग पर निर्मित मकान, जो ग्राम पमाया में स्थित है. वार्ड संख्या 01, तहसील बनमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश. इसका क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट है. संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व में- भूपेंद्र गौर का भूखंड, पश्चिम में- 15 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर में- बच्चू सिंह का भूखंड, दक्षिण में- अन्य भूमि. | 16.01.2026 रु. 7,69,606.45 (रु. सात लाख उनहत्तर हजार छह सौ छह और पैसा पैंतालीस मात्र) दिनांक 09.01.2026 को एनपीए दिनांक 05.01.2026 |

उधारकर्ताओं को मांग नोटिस का अनुपालन करने और उसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान करने की सलाह दी जाती है और यहां ऊपर इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस सहित भुगतान की प्राप्ति की तारीख तक शुल्क, लागत और व्यय. उधारकर्ता ध्यान दें कि एसएमएचएफसी एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा सुरक्षित की गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है उधारकर्ता द्वारा गिरवी रखी गई संपत्ति. ऐसी स्थिति में उधारकर्ता निर्धारित सीमा के भीतर अपनी देनदारियों का पूरा भुगतान करने में विफल रहते हैं समय के साथ, एसएमएचएफसी सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्ज़ा लेने के लिए अधिनियम की धारा 13( 4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा. बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके इसे स्थानांतरित करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है इसके तहत भुगतान प्राप्त करें. एसएमएचएफसी को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को संलग्न करने और/या सील करने का भी अधिकार है बिक्री या हस्तांतरण का अधिकार. सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, एसएमएचएफसी को अलग कानूनी पहल करने का भी अधिकार है. यदि बंधक संपत्तियों का मूल्य देय बकाया को कवर करने के लिए अपर्याप्त है, तो शेष बकाया राशि की वसूली के लिए कार्यवाही एसएमएचएफसी को. यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत एसएमएचएफसी के लिए उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है. सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13( 8) की ओर आकर्षित किया जाता है और आगे अधिनियम की धारा 13( 13) के तहत, जिसके तहत उधारकर्ता को निपटान या लेन-देन से रोका/प्रतिबंधित किया जाता है. किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) के माध्यम से स्थानांतरित करना एसएमएचएफसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना संपत्ति और उपरोक्त का अनुपालन न करना धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है उक्त अधिनियम के. डिमांड नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता, यदि चाहें तो, कर सकते हैं. इसे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त करें.

**स्थान- मुरैना, मध्यप्रदेश**
**दिनांक- 16.1.2026**

एसडी/-
**प्राधिकृत अधिकारी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड**